प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

*श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक **31-07-2025** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-*

1- बंधक बनाकर गाली-गलौच, मारपीट, दुष्कर्म व लूट करने, धमकी देने के अभियोग में वांछित 01 आरोपी को थाना मझोला पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गयाः-

अवगत कराना है कि दिनांक 23.06.2025 को वादिनी निवासनी थाना मझोला क्षेत्रान्तर्गत ने आरोपीगण द्वारा वादिनी की पुत्री को बंधक बनाकर गाली-गलौच, मारपीट, दुष्कर्म व 13000/- रु0 व कुछ ज्वैलरी लूट करने, धमकी देने के संबंध में थाना मझोला पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना मझोला पर मु0अ0सं0- 587/2025 धारा- 127(3)/115(2)/352/351(2)/64/70(1)/309(4) BNS बनाम मौ0 रिजवान आदि के पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 31.07.2025 को थाना मझोला पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त मौ0 रिजवान पुत्र शेखावत हुसैन निवासी पण्डित नंगला थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

पंजीकृत अभियोगः-

मु0अ0सं0- 587/2025 धारा- 127(3)/115(2)/352/351(2)/64/70(1)/309(4) BNS

गिरफ्तार अभियुक्तः-

मौ0 रिजवान पुत्र शेखावत हुसैन निवासी पण्डित नंगला थाना कटघर जनपद मुरादाबाद

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

1- उ0नि0 मनोज कुमार थाना मझोला जनपद मुरादाबाद

2- कां0 शेखर मलिक थाना मझोला जनपद मुरादाबाद।

2- अवैध चरस के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार थाना डिलारीः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एंव अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व अवैध मादक पदार्थो के निर्माण/तस्करी, नशे के कारोबार में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 31.07.2025 को थाना डिलारी पुलिस द्वारा गश्त/चैकिगं के दौरान अभियुक्त अभियुक्त वसीम पुत्र रफीक निवासी गांव ढकिया पीरू थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया अभियुक्त के कब्जे से अवैध 150 ग्राम चरस बरामद हुयी। इस संबंध थाना डिलारी पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 182/25 धारा- 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

पंजीकृत अभियोगः-

मु0अ0सं0- 182/25 धारा- 8/20 एनडीपीएस एक्ट

गिरफ्तार अभियुक्तः-

वसीम पुत्र रफीक निवासी गांव ढकिया पीरू थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद

गिरफ्तार अभियुक्त का अपराधिक इतिहासः-

1- मु0अ0सं0 0072/2014 धारा 3/5/8 सीएस एक्ट व 11 पशु क्रुरता अधिनियम थाना डिलारी
2- मु0अ0सं0 44/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट चालनी थाना डिलारी
3- मु0अ0सं0 162/2023 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट चालानी थाना डिलारी

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

1- उ0नि0 प्रवीण कुमार थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद
2- कां0 रजनीश कुमार थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद
3- कां0 मोहित कुमार थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद।

3- थाना कांठ पुलिस द्वारा 02 वारण्टीं को गिरफ्तार कर मा0न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गयाः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एंव अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व वांछित/वारण्टी, अपराधों में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 31.07.2025 को थाना कांठ पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्तगण 1- सोनू पुत्र रामरतन, 2- मोनू उर्फ भूपेन्द्र पुत्र रामरतन निवासीगण ग्राम शाहपुर थाना कांठ जनपद मुरादाबाद सम्बन्धित वारण्ट वाद सं0- 30835/21 अ0सं0- 150/21 धारा- 323/336/504 भादवि को गिरफ्तार कर मा0न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

4- जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने में 07 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा 07 व्यक्तियों को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 में हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया।

थाना मैनाठेर - 02, थाना मझोला - 04, थाना बिलारी – 01, ।